**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3655**

**मंगलवार, 17 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## उत्तर प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना

**3655. श्री अशोक कुमार रावतः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में सरकार द्वारा वित्तपोषित नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना करने का है ताकि युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा सके;

(ख) यदि हां, तो क्या उत्तर प्रदेश में मिश्रिख जैसी औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) से (ग):** यद्यपि उद्योग राज्य का विषय है, तथापि केंद्र सरकार उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न भागों में औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर कई पहलें और नीतियां शुरू करती है।

विभिन्न विभागों और मंत्रालयों की चल रही योजनाओं के अलावा, भारत में घरेलू और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विभिन्न कदम उठाए हैं। सरकार ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और सुविधा प्रदान करने के लिए, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी), राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम, उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन स्कीम (पीएलआई), ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) को बढ़ावा देना और अनुपालन बोझ कम करना, राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस), भारतीय औद्योगिक भूमि बैंक (आईआईएलबी), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में सुधार, परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) इत्यादि जैसे विभिन्न उपाय लागू किए हैं, जो पूरे देश में प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं की स्थापना में सहायता प्रदान करते हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2022 और 25 अन्य क्षेत्रीय नीतियां जारी की हैं, जो मिश्रिख सहित उत्तर प्रदेश राज्य में निजी क्षेत्र द्वारा उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा देती है और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं।

*****